

# राज्यपाल ने बाघिन और शावकों को देखा

## रणथंभौर नेशनल पार्क का भ्रमण किया

जयपुर (कासं)। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने सवाई माधोपुर स्थित रणथंभौर नेशनल पार्क का सपरिवार भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने पार्क एरिया में बाघिन रिद्धि और उसके शावकों को देखा। कुछ देर वहीं ठहरकर उन्होंने बाघिन रिद्धि और शावकों की अठखेलियां देखी।

राज्यपाल ने बाघिन परिवार के साथ ही अन्य वन्यजीवों एवं रणथंभौर की प्राकृतिक सुंदरता की सराहना की। उन्होंने अरावली पहाड़ियों और विंध्य पठार के आसपास स्थित, रणथंभौर वन को भी बहुत महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि वन्य जीव अभ्यारण पर्यटन की दृष्टि से देश का यह महत्वपूर्ण स्थान है। इससे पहले रणथंभौर राष्ट्रीय पार्क स्थित जोगी महल में सवाई माधोपुर के वन अधिकारियों ने उनकी अगवानी की तथा राष्ट्रीय पार्क की पारिस्थितिकी के बारे में बताया।



# पीएमश्री स्कूल राहोली में भामाशाह सहयोग से होंगे 15 लाख रुपये के विकास कार्य

राहोली (वि)। ग्राम पंचायत राहोली के अटल बन्धु-मुकेश कुमार अटल, शंकर लाल अटल व राकेश कुमार अटल ने पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राहोली के बदलते शैक्षणिक स्तर व नवाचारों से प्रभावित होकर अपने पिता स्वर्गीय कल्याणमल अटल की स्मृति में लगभग 15 लाख रूपये की लागत से एक हॉल व एक बरामदा बनाने का संकल्प लिया है। प्रधानाचार्य डॉ.योगेन्द्र सिंह नरूका ने बताया कि स्वर्गीय कल्याणमल अटल स्वयं भी स्कूल के भामाशाह रहे थे, उन्होंने ही स्कूल में पीने के पानी की व्यवस्था के लिए ट्यूबवेल लगवाई थी। अटल बन्धुओं ने अपने पिता की अन्तिम इच्छा का सम्मान करते हुए मृत्युभोज ना करके स्कूल में विकास कार्य करवाने का निर्णय लिया है।

अटल बन्धुओं के द्वारा पीएमश्री स्कूल राहोली में बनवाए जा रहे हॉल व बरामदे के कार्य का भूमि पूजन निवाई पीपलू विधायक रामसहाय वर्मा व चाकसू विधायक रामअवतार बैरवा ने अटल बन्धुओं मुकेश कुमार अटल, शंकर लाल अटल, राकेश कुमार अटल व प्रधानाचार्य डॉ.योगेन्द्र सिंह नरूका के साथ किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रशासन द्वारा अटल बन्धुओं का अभिनन्दन भी किया गया।


इस अवसर पर समाजसेवी शंकर लाल हाथीवाल, रामप्रसाद शर्मा, विधायक प्रतिनिधि बद्रीनारायण जाट व संदीप सिंह राजावत, उप सरपंच मधुसूदन शर्मा, प्रकाश जैन, चतरपाल सिंह राजावत आदि उपस्थित रहे। अटल बन्धुओं ने अपने पिता का मृत्युभोज ना करके उनकी पावन स्मृति में पीएमश्री स्कूल राहोली में हॉल मय बरामदा निर्माण का संकल्प लिया है। यह स्मृति निर्माण युगों-युगों तक पितृ प्रेम की कहानी कहता रहेगा।

## भगवान महावीर फाउंडेशन ने डॉ. नेमीचंद जैन मेमोरियल अवार्ड की घोषणा की

चैन्नई (वि)। भगवान महावीर के 2550वें निर्वाण महोत्सव के उपलक्ष्य में भगवान महावीर फाउंडेशन ने डॉ. नेमीचंद जैन मेमोरियल अवार्ड की घोषणा की है। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार हिंदी या अंग्रेजी में लिखी गई उत्कृष्ट, प्रकाशित और अप्रकाशित पुस्तक, जो भगवान महावीर की शिक्षाओं को बढ़ावा देती हैं, को दिया जाएगा। पुरस्कार में 2 लाख रुपये की नकद राशि, एक स्मृति चिन्ह और एक प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा। फाउंडेशन ने नामांकन आमंत्रित किए और इस वर्ष के नेमीचंद पुरस्कार के लिए 30 पुस्तकें प्राप्त हुईं। प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए पुस्तकों के चयन के तौर-तरीकों को तैयार करने के लिए 4 जनवरी 2025 को एक बैठक आयोजित की गई थी। पुस्तकों के मूल्यांकन के लिए जैन विद्वानों की एक समिति गठित की गई है। पुरस्कार विजेता का चयन समिति द्वारा किया जाएगा। यह पुरस्कार मार्च माह में एक औपचारिक समारोह में प्रतिष्ठित व्यक्ति द्वारा प्रदान किया जाएगा। बैठक में मद्रास विश्वविद्यालय के जैनोलॉजी विभाग के प्रमुख डॉ. प्रियदर्शना जैन, शासुन जैन कॉलेज के प्रोफेसर डॉ. ज्ञान जैन भगवान महावीर फाउंडेशन के संस्थापक एन. सुगलचंद जैन और भगवान महावीर फाउंडेशन के सलाहकार के.नंद किशोर, आईएएस (सेवानिवृत्त), ने भाग लिया।

# मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर में भूरी देवी को मिला इलाज

जयपुर (कासं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल एवं चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के मार्गदर्शन में प्रदेशभर में संचालित किए जा रहे आयुष्मान आरोग्य शिविर आमजन के लिए सेहत का वरदान साबित हो रहे हैं। इन शिविरों में आमजन को मौके पर ही जांच एवं उपचार का लाभ सुगमता से मिल रहा है। हाल ही में धानक्या में आयोजित हुए शिविर में स्थानीय महिला श्रीमती भूरी देवी को उपचार मिला और उनकी लंबे समय से चली आ रही स्वास्थ्य समस्या दूर हुई।



चकरामसर की 58 वर्षीय महिला श्रीमती भूरी देवी शिविर में इलाज करवाने आई। उन्हें आँखों से धुंधला दिखाई देने एवं सिर दर्द की शिकायत थी। लंबे समय से इस स्वास्थ्य समस्या का सामना कर रही भूरी देवी ने शिविर में उपस्थित नेत्र रोग विशेषज्ञ चिकित्सक एवं नेत्र सहायक को आँखों से धुंधला दिखने एवं सिर दर्द की समस्या से अवगत करवाया। विशेषज्ञ चिकित्सक द्वारा इनकी आँखों की जांच की गई, जिसमें उनकी नजदीक की नज़र कमजोर पाए जाने पर शिविर स्थल पर ही उन्हें नज़र का चश्मा उपलब्ध करवाया गया। इसके बाद श्रीमती भूरी देवी को साफ दिखाई देने लगा एवं सिर दर्द की समस्या से भी निजात मिली। श्रीमती भूरी देवी ने सुगमता से अपना इलाज होने पर चिकित्सा विभाग की इस अभिनव पहल का स्वागत करते हुए राज्य सरकार को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# राजस्थान विधानसभा कैलेण्डर 2025 का विमोचन

जयपुर (कासं)। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने विधानसभा में राजस्थान विधानसभा वार्षिक कैलेण्डर 2025 का विमोचन किया। देवनानी ने कहा कि वर्ष 2025 के कैलेण्डर में लोक देवताओं, वीर-वीरागंनाओं और महापुरुषों का प्रमुखता से उल्लेख किया गया है। उन्होंने बताया कि महापुरुषों के आदर्श आम जन के प्रेरणा स्त्रोत होते हैं। जिस माह में जिन लोकदेवताओं, वीर-वीरागंनाओं और महापुरुषों के पर्व, जयंती आते हैं, उसी



माह में उनका उल्लेख किया गया है। इससे आम जन को स्थानीय लोक देवताओं के साथ वीर-वीरागंनाओं के द्वारा किये गये राष्ट्र के लिये बलिदान और त्याग की जानकारी मिल सकेगी। इस मौके पर विधान सभा के विशिष्ट सचिव भारत भूषण शर्मा और विशिष्ट सहायक के.के. शर्मा मौजूद थे। विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने सदन का किया अवलोकन और दिये आवश्यक निर्देश- राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने राजस्थान विधान सभा के सदन को हाईटेक बनाने के लिये किये जा रहे कार्य का अवलोकन किया। देवनानी ने सदन में विधान सभा के प्रत्येक सदस्य की सीट पर लगाये जा रहे टैब, उसके स्टैण्ड और उसको उचित दिशा में लगाये जाने के बारे में अधिकारियों को निर्देश दिये। देवनानी ने सदन में किये जा रहे अपग्रेडेशन कार्य की विस्तार से जानकारी ली। इस मौके पर विधान सभा के अधिकारीगण मौजूद थे।

**माता-पिता की सेवा करें**

**पेड़ बूढ़ा ही सही, आंगन में लगा रहने दो**

**फल न सही, छांव तो देगा....**